आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

कार्यालयी शब्दावली, उसका हिंदी अनुवाद और उसका अंग्रेज़ी व हिंदी में प्रयोग

क्रम सं0	अंग्रेज़ी में शब्द	हिंदी में अर्थ	अंग्रेज़ी में प्रयोग	हिंदी में प्रयोग
1.	Affordable housing in partnership	साझेदारी में किफायती आवास	Ministry of Housing and Urban Affairs is administering affordable housing in partnership scheme.	आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय साझेदारी में किफायती आवास की स्कीम चला रहा है ।
2.	Afforestation	वृक्षारोपण	Present government is encouraging people for afforestation.	वर्तमान सरकार लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित कर रही है ।
3.	Alleviation	उपशमन/उन्मूलन	Erstwhile Ministry of Housing and poverty alleviation.	पूर्व आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय
4.	Allotment	आबंटन	The allotment of government accommodation is made only to the eligible government employees.	सरकारी आवास का आबंटन केवल पात्र सरकारी कर्मचारियों को ही किया जाता है ।
5.	Antecedent	पूर्ववृत्त	His character and antecedents verified.	उनके चरित्र एवं पूर्ववृत्त की जांच कर ली गई है ।
6.	Appellate authority	अपीलीय प्राधिकारी	The appellate authority in RTI matters is Head of every division.	आरटीआई मामलों में अपीलीय प्राधिकारी प्रत्येक प्रभाग के अध्यक्ष हैं ।
7.	Appendix	परिशिष्ट	Appendix to this note may be seen.	इस नोट का परिशिष्ट देख लिया जाए ।
8.	As is where is	जैसा है जहां है	Sometimes the houses are allotted on the basis of as is where is.	कभी-कभी आवास जैसा है जहां है के आधार पर आबंटित किए जाते हैं ।
9.	Authentic	प्रामाणिक	This information is authentic.	यह सूचना प्रामाणित है ।
10.	Background	पृष्ठभूमि	Please put up note keeping in mind the background of the case.	मामले की पृष्ठभूमि को देखते हुए कृपया नोट प्रस्तुत करें ।
11.	Basic civic amenities	आधारभूत नगरीय सुविधाएं	Basic civic amenities are being provided.	आधारभूत नगरीय सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं ।
12.	Basic service to the urban poor	शहरी गरीबों को आधारभूत सेवाएं	Basic service to the urban poor is being provided in the present government.	वर्तमान सरकार में शहरी गरीबों को आधारभूत सेवाएं प्रदान की जा रही हैं ।

13.	Below poverty line	गरीबी रेखा से नीचे	Many facilities are available for people below poverty line.	गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध हैं ।
14.	Built-up area	निर्मित क्षेत्र	Built-up area is decided by concerned agency.	निर्मित क्षेत्र का निर्धारण संबंधित एजेंसी द्वारा किया जाता है ।
15.	Capacity building	क्षमता निर्माण	Training is imparted for capacity building.	क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है ।
16.	Circulation	परिचालन	Newspapers are circulated in the offices.	कार्यालयों में समाचारपत्र परिचालित किए जाते हैं ।
17.	City development plan	शहरी विकास योजना	City development plan is approved by local development authority.	शहरी विकास योजना, स्थानीय विकास प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित की जाती है।
18.	City Sanitation Plan	शहर स्वच्छता योजना	City sanitation plan is an initiative which has been started to clean the cities.	शहर स्वच्छता योजना एक पहल है, जिसे शहरों की सफाई के लिए आरंभ किया गया है ।
19.	Civic Infrastructure	मूलभूत सुविधाएं	Civic infrastructure is made available to all the metropolitan cities.	सभी महानगरों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं ।
20.	Cluster Development	कलस्टर विकास	Cluster development is a term used for development of a cluster of cities.	कलस्टर विकास नामक शब्दावली का प्रयोग शहरों के कलस्टरों के विकास के लिए किया जाता है ।
21.	Cohesion	एकजुटता	There should be cohesion in citizens of our country.	हमारे देश के नागरिकों में एकजुटता होनी चाहिए ।
22.	Common Effluent Treatment Plant	सामान्य अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र	Common effluent treatment plant has been installed in many cities.	कई शहरों में सामान्य अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र लगाए गए हैं ।
23.	Community based Organization	समुदाय आधारित संगठन	Community based organizations are nonprofit groups that work at a local level to improve life for residents.	समुदाय आधारित संगठन वे लाभ-निर्पेक्ष समूह हैं, जो निवासियों के जीवन में सुधार के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करते हैं ।
24.	Comprehensive Water supply	समग्र जलापूर्ति	A main source of water storage during summers is a Comprehensive Water Supply Tank.	गर्मियों के दौरान जल संचयन का मुख्य स्रोत समग्र जलापूर्ति टैंक है ।
25.	Concrete Drain	कंक्रीट नाली	Concrete drainage channels are being built.	कंक्रीट नाली चैनलों का निर्माण किया जा रहा है ।

26.	Corridor	कॉरिडोर	Bus corridors have been built on the edge of roads.	सड़क के किनारे बस कॉरिडोर बनाए गए हैं।
27.	Decentralized waste water management system	विकेंद्रीकृत अपशिष्ट जल प्रबंधन प्रणाली	A decentralized wastewater management system is a system that is used to treat small volumes of wastewater.	विकेंद्रीकृत अपशिष्ट जल प्रबंधन प्रणाली एक ऐसी प्रणाली है, जिसमें अपशिष्ट जल की छोटी-छोटी मात्रा का शोधन किया जाता है।
28.	Demolition	गिराना/ढहाना	Illegal building has been demolished.	गैर-कानूनी भवन को ढहा दिया गया है।
29.	Drainage	जल निकासी	There is a need of drainage system in each and every region.	प्रत्येक क्षेत्र में जल निकासी प्रणाली की आवश्यकता है।
30.	Dwelling Unit	आवासीय इकाइयां	Ministry of Housing and Urban Affairs build dwelling units for slum dwellers.	आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय स्लमवासियों के लिए आवासीय इकाइयों का निर्माण करता है।
31.	Earmarked land	निर्धारित भूमि	Location of earmarked land for high court is very good.	उच्च न्यायालय की निर्धारित भूमि का स्थान बहुत अच्छा है।
32.	Ease of doing business	कार्य सुगमता	Ease of doing business is an index published by the World Bank.	कार्य सुगमता, विश्व बैंक द्वारा प्रकाशित एक सूचकांक है।
33.	Easily accessible	सुगम्य	If the mall is easily accessible, you might be tempted to spend a lot of money.	यदि मॉल सुगम्य हो, तो तुम बहुत पैसे खर्च करोगे।
34.	Ecological land use planning	पारिस्थितिकीय रूप से भू-उपयोग नियोजन	A practical approach for the inclusion of environmental factors in land-use planning is called Ecological land use planning.	भू-उपयोग नियोजन में पर्यावरणीय कारकों को जोड़ने का प्रायोगिक प्रयास पारिस्थितिकीय रूप से भू-उपयोग नियोजन है।
35.	Encroachment	अधिग्रहण/कब्जा	The government land has been encroached by a land mafia.	एक भू-माफिया ने सरकारी ज़मीन पर कब्ज़ा कर लिया है।
36.	Environmental improvement of urban slums	शहरी स्लमों में पर्यावरणीय सुधार	Environmental improvement of urban slums is as important as economic improvement of slums.	शहरी स्लमों में पर्यावरणीय सुधार उतना ही आवश्यक है जितना कि आर्थिक सुधार।
37.	Urban housing Shortage	शहरी आवासीय कमी	Report of a technical group on urban housing shortage has been received.	शहरी आवासीय कमी पर एक तकनीकी समूह की रिपोर्ट प्राप्त हुई है।

38.	Flagship Programmes	प्रमुख कार्यक्रम	There are so many flagship programmes of Ministry of Housing and Urban Affairs.	आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के बहुत से प्रमुख कार्यक्रम हैं ।
39.	General Building Requirements	सामान्य भवन निर्माण आवश्यकताएं	Guidelines have been issued regarding general building requirements.	सामान्य भवन निर्माण आवश्यकताओं के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए गए हैं ।
40.	Grievance redressal	शिकायत निवारण	There is a grievance redressal mechanism in each and every office.	प्रत्येक कार्यालय में शिकायत निवारण तंत्र बनाया गया है ।
41.	Haphazardly grown cities	अव्यवस्थित बसे शहर	With rapid migration, many cities are growing haphazardly.	तीव्र प्रवास के साथ-साथ बहुत-से शहर अव्यवस्थित रूप से बस रहे हैं ।
42.	Heritage Conservation Plan	विरासत संरक्षण योजना	Heritage conservation plan has been made to conserve heritage cities.	विरासत शहरों के संरक्षण के लिए विरासत संरक्षण योजना बनाई गई है ।
43.	High level project approval committee (PAC)	उच्च स्तरीय परियोजना अनुमोदन समिति	The high level project approval committee would comprise of a team of senior management.	उच्च स्तरीय परियोजना अनुमोदन समिति में वरिष्ठ प्रबंधन दल होगा ।
44.	High powered review and monitoring committee	उच्चाधिकार प्राप्त समीक्षा एवं निगरानी समिति	High powered review and monitoring committee has been constituted to fast track approval of building plans.	निर्माण योजनाओं की जल्द-से-जल्द अनुमति के लिए उच्चाधिकार प्राप्त समीक्षा एवं निगरानी समिति का गठन किया गया है ।
45.	Housing micro finance institutions	आवासीय सूक्ष्म वित्त संस्थान	Main feature of housing micro finance institution is loan given without security.	आवासीय सूक्ष्म वित्त संस्थान की मुख्य विशेषता सुरक्षा के बिना ऋण दिया जाना है।
46.	Human Settlement	मानव बस्ती	Human Settlement means cluster of dwellings of any type or size where human beings live.	मानव बस्ती का अर्थ किसी भी प्रकार या आकार की इकाइयों का समूह है, जहां मानव बसते हैं ।
47.	Inclusive growth	समेकित विकास	Inclusive growth of a country is must.	किसी भी देश का समेकित विकास आवश्यक है ।
48.	Infrastructure and social facilities	अवसंरचना एवं सामाजिक सुविधाएं	Administration of a country should provide infrastructure and social facilities to its citizens.	एक देश के प्रशासन को अपने नागरिकों को अवसंरचना एवं सामाजिक सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए ।

49.	Inland water transportation	अंतर्देशीय जल परिवहन	Modi government has passed the National Waterways Act, 2016 to increase the share of inland water transportation.	मोदी सरकार ने अंतर्देशीय जल परिवहन के शेयर को बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय अधिनियम, 2016 पारित किया है ।
50.	In-situ rehabilitation	स्व-स्थाने पुनर्वास	DDA has launched the "In-Situ Slum Rehabilitation Scheme" to rehabilitate slum dwellers.	डीडीए ने स्लमवासियों के पुनर्वास हेतु 'स्व-स्थाने स्लम पुनर्वास योजना' आरंभ की है ।
51.	Integrated development of small and medium towns	छोटे एवं मध्यम कस्बों का समेकित विकास	The Centrally sponsored scheme of Integrated Development of Small & Medium Towns was initiated in the year 1979-80.	केंद्रीय रूप से प्रायोजित छोटे एवं मध्यम कस्बों का समेकित विकास स्कीम वर्ष 1979-80 में आरंभ की गई थी ।
52.	Interest subsidy housing scheme for urban poor	शहरी गरीबों को आवास हेतु ब्याज सब्सिडी स्कीम	Interest subsidy housing scheme for urban poor envisages the provision of interest subsidy to EWS and LIG segments.	शहरी गरीबों को आवास हेतु ब्याज सब्सिडी स्कीम में ईडब्ल्यूएस और एलआईजी वर्गों को ब्याज सब्सिडी देने का प्रावधान परिकल्पित है ।
53.	Land cost	भूमि लागत	Land cost refers to the asset valuation method.	भूमि लागत, परिसंपत्ति मूल्यांकन पद्धति को संदर्भित करती है ।
54.	Land pooling	लैंड पूलिंग/भूमि जुटाना	Under Land pooling policy, flats will be built in N and P-2 zones first.	लैंडपूलिंग पॉलिसी के तहत सबसे पहले एन और पी-2 जोन में फ्लैट बनाए जाएंगे।
55.	Land use planning	भूमि उपयोग नियोजन	Land-use planning is a tool of urban planning used by local governments in most developed countries.	भूमि उपयोग नियोजन, अधिकतम विकसित देशों में स्थानीय सरकारों द्वारा प्रयुक्त शहरी नियोजन का एक साधन है ।
56.	Lease basis	पट्टे पर	He has rented out his house on lease basis.	उसने अपना मकान पट्टे पर किराए पर दे दिया है ।
57.	Livelihood	आजीविका	Livelihood is defined as a set of activities performed to live.	आजीविका को जीवन जीने के लिए की गई गतिविधियों के रूप में परिभाषित किया गया है ।
58.	Local area development programme	स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम	Local area development programme has been started to develop local areas.	स्थानीय क्षेत्रों के विकास के लिए स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम आरंभ किया गया है ।
59.	Main land	मुख्य भूमि	Mainland is defined as land relating to the main part of a country.	मुख्य भूमि को एक देश के मुख्य भाग से संबंधित भूमि के रूप में परिभाषित किया गया है ।

60.	Metropolitan	महानगर	Delhi and Mumbai are main metropolitan cities.	दिल्ली और मुंबई मुख्य महानगरीय शहर हैं।
61.	Model urban and regional planning	आदर्श शहरी एवं क्षेत्रीय नियोजन	Model urban and regional planning is an important component of a country's development.	आदर्श शहरी एवं क्षेत्रीय नियोजन किसी देश के विकास का महत्वपूर्ण घटक है ।
62.	Mushrooming of slums	स्लमों का तेज़ी से उभरना/बढ़ना	Mushrooming of urban slums is a challenge towards population stabilization.	स्लमों का तेज़ी से उभरना/बढ़ना, जनसंख्या स्थिरीकरण की ओर एक चुनौती है ।
63.	National Heritage City Development and Augmentation Scheme	राष्ट्रीय विरासत शहर विकास और संवर्धन योजना	Under National Heritage City Development and Augmentation Scheme, heritage cities are being developed.	राष्ट्रीय विरासत शहर विकास और संवर्धन योजना के अंतर्गत विरासत शहरों का विकास किया जा रहा है ।
64.	National urban housing and habitat policy	राष्ट्रीय शहरी आवास एवं पर्यावास नीति	The National Urban Housing and Habitat policy promotes various types of public-private partnerships for realizing the goal of "Affordable Housing For All'.	राष्ट्रीय शहरी आवास एवं पर्यावास नीति 'सभी के लिए किफायती आवास' के उद्देश्य को साकार करने के लिए विभिन्न प्रकार की सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देती है।
65.	Non motorized vehicle	गैर-मोटरीकृत वाहन	In Indian cities the share of non-motorized transport at peak hours is too high.	भारतीय शहरों में गैर-मोटरीकृत परिवहन का शेयर व्यस्ततम समय में बहुत अधिक होता है ।
66.	Operation and maintenance	प्रचालन एवं अनुरक्षण	Plants installed in the office are operated and maintained regularly.	कार्यालय में लगाए गए संयंत्रों का प्रचालन एवं अनुरक्षण नियमित रूप से किया जाता है।
67.	Pedestrian friendly	पथिक अनुकूल	Pedestrian friendly zones should be made in every city.	प्रत्येक शहर में पथिक अनुकूल ज़ोन बनाए जाने चाहिए ।
68.	Plan implementation	योजना का कार्यान्वयन	All the ministries implement their respective plans for the purpose of development.	सभी मंत्रालय अपनी संबंधित योजनाओं का कार्यान्वयन विकास के उद्देश्य से करते हैं ।
69.	Possession	कब्जा	Possession of flat in this society will be given in the year 2020.	इस सोसाइटी के फ्लैट का कब्ज़ा वर्ष 2020 में दिया जाएगा ।
70.	Primitive Settlement	प्राचीन बस्ती	There are many primitive settlements in South Africa.	दक्षिण अफ्रीका में बहुत-सी प्राचीन बस्तियां हैं ।

71.	Rain water harvesting	वर्षा जल संचयन	Rain water harvesting is a technique of collection and storage of rainwater.	वर्षा जल संचयन, वर्षाजल के संग्रहण और संचयन की तकनीक है।
72.	Real estate	भू-संपदा	Now-a-days, there is a great dip in real estate sector.	आज-कल भू-संपदा क्षेत्र में बहुत मंदी चल रही है।
73.	Redevelopment	पुनर्विकास	Some new redevelopment projects and programmes have been started recently.	हाल-ही-में, कुछ नई पुनर्विकास परियोजनाएं और कार्यक्रम आरंभ किए गए हैं।
74.	Regional diversities in urbanization	शहरीकरण की क्षेत्रीय विविधताएं	Regional diversities in urbanization is an important topic for discussion.	शहरीकरण की क्षेत्रीय विविधताएं चर्चा हेतु महत्वपूर्ण विषय है।
75.	Relocation	पुनर्स्थापन	The action of moving to a new place and establishing one's home is called relocation.	किसी नए स्थान पर जाकर घर स्थापित करने को पुनर्स्थापन कहा जाता है।
76.	Right to fair compensation and transparency in land acquisition, rehabilitation and resettlement	भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुर्नस्थापन में उचित मुआवज़ा और पारदर्शिता का अधिकार	The Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 is an Act of Indian Parliament that regulates land acquisition.	भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुर्नस्थापन में उचित मुआवज़ा और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 भारतीय संसद का एक अधिनियम है, जो भूमि अधिग्रहण को विनियमित करता है।
77.	Sanctioned project	संस्वीकृत परियोजना	Many sanctioned projects of Delhi Metro have been started.	दिल्ली मेट्रो की बहुत-सी संस्वीकृत परियोजनाएं आरंभ की गई हैं।
78.	Segregated	पृथक्कित	Segregation of waste is essential as the amount of waste being generated today cause immense problems.	अपशिष्ट पृथक्करण महत्वपूर्ण है क्योंकि आज के समय में उत्पन्न किये जा रहे अपशिष्ट से बहुत-सी समस्याएं होती हैं।
79.	Septage management	सेप्टेज प्रबंधन	Septage management has been neglected in most of the cities of Maharashtra.	महाराष्ट्र के बहुत-से शहरों में सेप्टेज प्रबंधन को नज़रअंदाज़ किया गया है।
80.	Sanitation	स्वच्छता	Sanitation includes the safe management of solid waste and animal waste.	स्वच्छता में ठोस अपशिष्ट और पशु अपशिष्ट का सुरक्षित प्रबंधन शामिल है।
81.	Sewerage treatment plant	मलजल शोधन संयंत्र	Sewage treatment plant is used to remove contaminants from municipal wastewater.	मलजल शोधन संयंत्र का प्रयोग नगरीय अपजल से दूषित पदार्थों को हटाने के लिए किया जाता है।

82.	Slum dwellers	स्लमवासी	People living in slums are known as slum dwellers.	स्लमों में रहने वाले लोगों को स्लमवासी कहा गया है ।
83.	Slum proliferation	स्लमों का विस्तार	Lack of planning results in slum proliferation .	नियोजन की कमी के परिणामस्वरूप स्लमों का विस्तार होता है ।
84.	Solid waste management	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन	Collecting, treating, and disposing of solid material is known as Solid waste management.	ठोस सामग्री के संग्रहण, शोधन और निपटान को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कहा जाता है ।
85.	Special purpose vehicle	विशेष प्रयोजन तंत्र	A special purpose vehicle has been constituted for implementation of the scheme.	स्कीम के कार्यान्वयन के लिए विशेष प्रयोजन तंत्र गठित किया गया है ।
86.	Stakeholder	हितधारक	A stakeholder consultation event will be held to gain feedback.	फीडबैक लेने के लिए हितधारक परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ।
87.	Storm water drain	वर्षा जल निकासी	Storm water drainage of Delhi was prepared by expert committee.	दिल्ली की वर्षा जल निकासी विशेषज्ञ समिति द्वारा तैयार की गई ।
88.	Sub-regional plan	उप-क्षेत्रीय योजना	Each participating State will prepare a Sub-Regional Plan for the sub-region within that State or the Union territory.	प्रत्येक राज्य उस राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के अंतर्गत उस उप-क्षेत्र के लिए उप-क्षेत्रीय योजना तैयार करेगा ।
89.	Sub-arterial roads	उप-मुख्य मार्ग	Sub arterial road is a road connecting arterial roads to the areas of development.	उप-मुख्य मार्ग वह मार्ग है जहां मुख्य मार्ग विकास क्षेत्रों से जुड़ते हैं ।
90.	Transit oriented development	ट्रांजिट उन्मुख विकास	Transit Oriented Development is essentially any development that is focused around a transit node.	ट्रांजिट उन्मुख विकास एक महत्वपूर्ण विकास है जो ट्रांजिट नोड पर केंद्रित है।
91.	Unified building bye-laws	एकीकृत भवन उपनियम	Unified building bye-laws are applicable to the National Capital Territory of Delhi.	एकीकृत भवन उपनियम दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र पर लागू होते हैं ।
92.	Urban agglomeration	शहरी समूह	Nizamabad is a major urban agglomeration and third largest city in the state.	निज़ामाबाद एक मुख्य शहरी समूह और राज्य का तीसरा सबसे बड़ा शहर है ।

93.	Urban local bodies	शहरी स्थानीय निकाय	Municipal corporations, Municipal Councils and Nagar Panchayats are some Urban local bodies.	नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत कुछ शहरी स्थानीय निकाय हैं।
94.	Urban sprawl	शहरी फैलाव	Urban sprawl is another word for urbanization.	शहरी फैलाव, शहरीकरण के लिए अन्य शब्द है।
95.	Urban street vendors	शहरी पथ विक्रेता	India is one of the few countries to have developed a national policy on urban street vendors.	भारत उन देशों में से एक है जिसने शहरी पथ विक्रेताओं के लिए राष्ट्रीय नीति विकसित की है।
96.	Viability	व्यवहार्यता	Viability means ability to work successfully.	व्यवहार्यता का अर्थ है कुशलतापूर्वक कार्य करने की क्षमता।
97.	Waste disposal systems	अपशिष्ट निपटान प्रक्रिया	There are five types of waste disposal systems.	अपशिष्ट निपटान प्रक्रियाएं पांच प्रकार की होती हैं।
98.	Water logging	जल भराव	They could not play because the pitch was waterlogged.	पिच पर जल भराव होने के कारण वे खेल नहीं पाए।
99.	Watershed management	जल विभाजन प्रबंधन	Watershed management serves to integrate planning for land and water.	जल विभाजन प्रबंधन भूमि और जल के लिए एकीकृत नियोजन करने का कार्य करता है।
100.	Zero energy building	शून्य ऊर्जा भवन	Zero energy building produces enough renewable energy to meet its own annual energy consumption requirements.	शून्य ऊर्जा भवन अपनी वार्षिक ऊर्जा उपभोग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त अक्षय ऊर्जा उत्पन्न कर लेता है।